Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to increase the number of Bank employees to implement Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana effectively.

श्रीमती रक्षाताई खाडसे (रावेर) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे ज़ीरो आवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूँ।

हमारे देश के प्रधानमंत्री जी ने किसानों के हित और विकास के लिए कई योजनाएँ बनायी हैं, उनमें सबसे प्रभावशाली योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना है। पिछले साल काफी किसान इसमें सहभागी हुए, इससे बहुत-से किसानों को फायदा भी हुआ। लेकिन इस वर्ष महाराष्ट्र में इस योजना को आधार कार्ड से लिंक करने के कारण और बैंक्स में कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण काफी लोग इससे वंचित रह गये हैं। इसके लिए जो समय निर्धारित किया गया था, वह कम पड़ गया।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करती हूँ कि बैंक्स में कर्मचारी बढ़ाए जाएं और इसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई से आगे एक महीने तक बढ़ायी जाए, तो बहुत-से किसानों को इसका फायदा मिल सकेगा।

माननीय सभापति :

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री राहुल कस्वां,

श्री भगवंत खुबा को श्रीमती रक्षाताई खाडसे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।